सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 322 | इंदौर, गुरुवार 01 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. US: ओक्लाहोमा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले दो कानूनों को असंवैधानिक करार दिया

2. India-Nepal Ties: पीएम मोदी-प्रचंड के बीच आज होगी वार्ता, दोनों देशों के बीच कई समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना

# एप से लोन लेना आसान लेकिन जीना कर देते हैं मुहाल

## धमकियों के साथ ही रिश्तेदारों और परिचितों में करते हैं बदनाम

@ DGR विशेष

इंदौर। यदि आप भी ऑनलाइन लोन एप से लोन ले रहे हैं, तो सावधान हो जाइए, क्योंकि छोटा सा लोन लेना आपको महंगा पड़ सकता है। आजकल देखने में आ रहा है कि ऑनलाइन लोन देने वाली कंपनियों के एप लोगों की जान तक ले रहे हैं। सुनने में यह भले ही अजीब लगे, लेकिन यह सच है कि लोन एप से आसानी से लोन तो मिल जाता है, पर किश्ते न चुकाने पर जीना मुहाल कर दिया कर दिया जाता है। इन कंपनियों के द्वारा लोन लेने वाले को धमकाने के साथ ही उसे रिश्तेदारों और परिचितों में बदनाम करना शुरू कर दिया जाता है। मानसिक रूप से इतना सताया जाता है कि लोन लेने वाले अपनी जान तक दे देते हैं।

हाल ही में हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाले अमय ठाकुर ने खुदकुशी कर ली। वह कुछ समय से बीमार था और उसका पथरी का उपचार चल रहा था। पहले परिजन को लगा कि उसने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है लेकिन बाद में लोन ऐप का मामला साफ हुआ। पुलिस के मुताबिक घटना सुंदरनगर (मेन) की है। अमय पिता दीपक ठाकुर ने फांसी लगा ली। जब उसके मोबाइल की जांच की गई तो पता चला कि अमय ने लोन एप क्रेडिटबी से ऋण लिया था और किस्तें जमा न होने की वजह से ऐप से लगातार उसे मैसेज आ रहे थे। उसको ई-नोटिस भेजा गया था जिसमें लोन वसूली के लिए चेतावनी दी गई थी। पुलिस ने अमय का फोन जब्त कर लिया है। ऐप और ऋण की जांच चल रही है।




## इन लोन एप को बैन करने के लिए इंदौर क्राइम ब्रांच ने गूगल को लिखा पत्र

अमित यादव और परिवार की मौत के बाद कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने स्टार लोन, मेट्रो फाइनेंस, स्टेसफिन, कैश होस्ट, गोल्ड कैश, मोबाइल कैश, इजी क्रेडिट, मनी ट्री, लोन फॉर्चून, रूपी स्मार्ट, फ्लैस रूपी, जोजो कैश, कैश पार्क, लाइव कैश, सन कैश, इनकम एप, यूनिट कैश, ब्राइट कैश, मैजिक मनी, रॉयल कैश, शार्पकम एप, मार्बेल एप, मोबिक्विक, वाइल लोन एप, कैश फिश, लोन एप, रूपे बस, रूपीज लेड, रिच कैश, अपना पैसा, गोल्डमैन प्लस, थाई रूपी, हैडी लोन, आसन लोन, रूपी फैटा मनी पॉकेट, एप पॉकेट, फास्ट रूपी, एक्सप्रेस लोन, लोन ग्रीस, कैश कोला, फास्ट रूपी, मनी म्यूचुअल, कैश काउ, रेश कैश, वन लोन, ईजी लोन, क्वालिटी कैश, समय लोन, पब कैश, स्मॉल कैश, बास्केट लोन, मनी लैडर, ब्राइट मनी, कैश मैजिक, ईजी आरपी कैश गुरु, कैश होल, मनी बॉक्स और मैड लोन सहित अन्य लोन एप को बैन करने के लिए क्राइम ब्रांच ने गुगल को पत्र लिखा था।

### बदनाम करते हैं ऑनलाइन एप

**ऑनलाइन एप्स पर लोन लेना आसान है, लेकिन किश्तें न चुकाने पर यह जीना मुहाल कर देते हैं। एप की वजह से उनके पास फोन में दर्ज सभी कॉन्टेक्ट तक पहुंच होती है। उनका व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर गाली-गलौज या अश्लील फोटो के जरिये बदनामी करने की धमकी दी जाती है। पिछले कुछ दिनों में देशभर में इस तरह की शिकायतें दर्ज हो रही हैं।**

## तनाव में लगा ली फांसी

नवंबर 2022 में लसूडिया थाना क्षेत्र में जतारा (हरदा) के गौरव गुर्जर ने इंदौर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वह करुण फार्मा कंपनी में इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर की नौकरी करता था। बीमार होने के कारण उसकी नौकरी छूट गई थी। निजी फाइनेंस कंपनी और लोन एप से भी कर्ज ले रखा था। गौरव गुर्जर स्कीम-78 में किराए के मकान में रहता था। वह एक फार्मा कंपनी में इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर की नौकरी करता था। उसकी खुदकुशी के बाद जांच करते हुए पुलिस ने गौरव का फोन जांचा तो उसमें लोन एप के कुछ मैसेज मिले। उससे पता चला कि गौरव करीब एक साल से किस्तें भर रहा था। नौकरी छूट जाने के कारण उसकी किस्तें बकाया हो गई थीं। कंपनी उसे लगातार किस्तों के लिए मैसेज कर रही थी।

## पूरा परिवार हो गया था खत्म

अगस्त 2022 में भागीरथपुरा इलाके में रूंह कंपकंपा देने वाला सामने आया था, जिसमें पूरा परिवार ही खत्म हो गया था। अमित यादव नामक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके पहले उसने अपनी पत्नी और दोनों मासूम बच्चों को जहर दे दिया था। पुलिस को निजी दूरसंचार कम्पनी में काम करने वाले अमित यादव (35) का शव उनके घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला, जबकि उनकी पत्नी टीना (30), तीन वर्षीय बेटी याना और एक वर्षीय बेटे दिव्यांश के शव जमीन पर पड़े मिले थे। मामले की जांच में पता चला कि मूलतः सागर के रहने वाले अमित यादव के छोड़े सुसाइड नोट में कहा गया है कि 'जीने की इच्छी मेरी भी है, लेकिन मेरे हालात अब ऐसे नहीं रहे, आदमी मैं बुरा नहीं हूं, पर हालात नहीं... इसमें किसी की कोई गलती नहीं है, मेरी ही है, मैंने कई ऑनलाइन ऐप से लोन से रखा है, पर मैं लोन भर नहीं पा रहा हूं, इज्जत के डर से यह कदम उठा रहा हूं, पुलिस मेरे परिवार को परेशान न करें, मैं ही दोषी हूं। इस घटना से सवाल खड़ा हुआ था कि आखिर इन ऑनलाइन सूदखोरों ने ऐसी क्या धमकियां दी थीं, जिससे अमित की इज्जत खतरे में थी।

## ऑनलाइन गेम और लोन ने ली जान

ऑनलाइन गेम की लत ने छात्र जितेंद्र वास्कले की जान ले ली, घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र की है। जितेंद्र ने ऑनलाइन तीन पत्ती गेम के चक्कर में मौत को गले लगा लिया। जितेंद्र ने जहर खाने से पहले अपनी बहन को मैसेज करके इसकी जानकारी दी। दोस्त उसे जब तक अस्पताल ले जाते देर हो गई और अस्पताल में डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। स्टूडेंट के पास सुसाइड नोट भी मिला है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र को तीन पत्ती खेलने की इतनी लत लग गई थी कि उसने ऑनलाइन लोन ऐप के माध्यम से कर्ज ले लिया था। वह पूरा पैसा तीन पत्ती गेम में हार गया और जब उस पर अधिक कर्जा हो गया तो जहर खा लिया। पुलिस मोबाइल के आधार पर अब अन्य जानकारी भी जुटा रही है। जितेंद्र वास्कले मूल रूप से खरगोन का रहने वाला था और यहां किराए के कमरे में रहता था। वह पढ़ाई के साथ ही सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी करता था। उसके पास सुसाइड नोट मिला। जिसमें लोन एप से कर्जा लेने की बात लिखी है।

## क्या कहते हैं सायबर एक्सपर्ट

क्राइम ब्रांच डीसीपी और साइबर एक्सपर्ट निमिष अग्रवाल ने कहा कोई भी एप डाउनलोड करने के पहले यूजर से कॉन्टैक्ट, फोटो-वीडियो आदि के लिए एक्सेस मांगता ही है। यदि आप ओके नहीं करते हैं तो एप या तो डाउनलोड नहीं होगा या फिर वह ठीक से काम नहीं करेगा। बार-बार एक्सेस के मैसेज एप पर आएंगे। ऐसे में कई बार न चाहते हुए भी जल्दबाजी में या गलती से आप एक्सेस दे देते हैं। इसी के बाद इन एप वालों का खेल शुरू होता है। ये कंपनियां यूजर का डाटा एक-दूसरे से शेयर भी करती हैं।

## ऑनलाइन लोन एप धोखाधड़ी के संबंध में एडवाइजरी

मध्यप्रदेश पुलिस ने लोन एप्प के जरिए होने वाली धोखाधड़ी को लेकर एक एडवाइजरी भी जारी की है। मध्यप्रदेश पुलिस की एडवाइजर के मुताबिक ठगों द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके से आम लोगों के साथ ठगी की जा रही है। ठग व्यक्ति को तत्काल लोन देने के नाम पर पहले व्यक्ति के मोबाइल पर एप्प डाउनलोड करवाते है जिससे संबंधित व्यक्ति के मोबाइल के कॉन्टैक्ट नंबर सहित सभी एक्सेस ठग के पास चले जाते है। ऐसे ठग 2 से 4 हजार का लोन बहुत कम अवधि के लिए देता है जब व्यक्ति उस लोन को चुका देता है फिर भी ठग संबंधित व्यक्ति के पर्सनल कॉन्टैक्ट नंबर पर उसके परिचितों को कॉल कर अपशब्द कहना, अश्लील बाते कर व्यक्ति को और पैसे डालने के लिए धमकी देता है, की अगर पैसे नही डाले तो तुम्हारे सभी रिश्तेदारों को परेशान करूंगा व्यक्ति अपनी इमेज खराब न हो इसलिए ठग द्वारा मांगे रुपए दे देता है परंतु ठग फिर वही तरीका अपनाकर पुनः ठगी करता है।

# अहिल्या माता जन्मोत्सव पर 108 भजन मंडली और 85 बैंड के साथ जोड़ों ने की मां अहिल्याबाई की परिक्रमा

## भगवान शिव का जल से अभिषेक किया, मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने भजनों की धुन के साथ की परिक्रमा







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रातः स्मरणीय लोक माता देवी अहिल्या का आज जन्म दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इंदौर में आज पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने सुबह राजबाडा पहुंचकर माता अहिल्या की प्रतिमा पर अहिल्या जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। यहां उन्होंने प्रतिमा के सामने शिव जलाभिषेक भी किया। उन्होंने भजन मंडलियों के साथ भजनों की धुन के साथ परिक्रमा भी की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों को पर्यावरण बचाओ तथा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू के सेवन को रोकने का संकल्प भी दिलवाया।**

श्री रामाधार साधक न्यास के पंजीकृत सदस्यों ने जलाभिषेक कर माल्यर्पण किया। अहिल्या माता का जन्मोत्सव इंदौर गौरव उत्सव के रूप में पूरे उत्साह और उमंग से मनाया गया। इसके चलते राजवाड़ा पर मां अहिल्या की प्रतिमा परिसर में 108 भजन मंडली भजनो की प्रस्तुति के साथ साथ शहर के सुप्रसिद्ध 85 बैंड ने अपनी प्रस्तुतियां दी। अहिल्या जन्मोत्सव समिति द्वारा मां अहिल्या को प्रणाम कर भजन मंडली बैंड के साथ ही श्री रामाधार साधक न्यास के पंजीकृत सदस्यों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर माँ अहिल्या की परिक्रमा की। आकर्षक बैंड पर राष्ट्रभक्ति के गीत के साथ भस्म रमैया के साथ ही महाराष्ट्र के ढोल पतक ने भी माँ अहिल्या की परिक्रमा की।

# फाइनल ईयर में लागू होना है नई शिक्षा नीति, पर वोकेशनल विषयों के कई बिंदुओं पर सस्पेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कॉलेजों में नए सत्र से यूजी फाइनल ईयर में भी नई एजुकेशन पॉलिसी लागू हो जाएगी। लेकिन वोकेशनल विषयों को लेकर अब भी सस्पेंस है। यही नहीं 5 अन्य अहम बिंदुओं पर भी सस्पेंस बरकरार है। फाइनल ईयर में छात्रों को कौन से वोकेशनल विषय पढना होंगे, यह तय नहीं किया जा सका है। क्या छात्रों को सेकंड ईयर में दिए गए 35 एडवांस विषयों का ही डबल एडवांस सिलेबस पढना होगा? या फिर नए वोकेशनल विषयों की सूची जारी होगी। यह बड़ा सवाल है। दरअसल 2021 में नई पॉलिसी लागू होने के दौरान फर्स्ट ईयर में 25 वोकेशनल विषय थे, जिन्हें 2022 में सेकंड ईयर में एडवांस सिलेबस के साथ लागू किया गया। जबकि वही छात्र अब फाइनल ईयर में पहुंचेंगे तो सवाल यही है कि वे वोकेशनल विषय के रूप में क्या चुनेंगे, क्योंकि एक विषय चुनना अनिवार्य है। दरअसल बीकॉम, बीए, बीएससी, बीबीए और बीसीए सहित कुल 12 यूजी कोर्स में नई पॉलिसी फर्स्ट व सेकंड ईयर में तो लागू हो चुकी है। लेकिन फाइनल ईयर में नए सत्र से होना है। लेकिन कई अहम बिंदुओं पर सस्पेंस है। वहीं अभी तक बीकॉम व बीएससी(कुछ स्पेशलाइजेशन) का सिलेबस भी घोषित नहीं हुआ है। डीएवीवी ने बीकॉम,बीए, बीएससी फाइनल(सारे ओल्ड एजुकेशनल पॉलिसी के रिजल्ट) के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि जो छात्र फेल हो गए हैं उनका क्या होगा?: नए सत्र में वे फाइनल ईयर में किस कैटेगिरी में बैठेंगे? क्या उन्हें ओल्ड कोर्स पढऩा होगा? या फिर उन्हें नई पॉलिसी का छात्र मानकर पढ़ाई करना होगी। यह बड़ा सवाल है। इस पर भी सस्पेंस है। फाइनल ईयर में करीब 14 हजार छात्र तीनों कोर्स में मिलाकर फेल हुए हैं। हालांकि जो छात्र पूरक परीक्षा में फेल होंगे, उन्हें भी नए सत्र से फाइनल ईयर में दोबारा बैठना होगा। सीनियर प्रोफेसर डॉ. एके वर्मा कहते हैं कि जल्द सस्पेंस दूर होने की उम्मीद है।

# बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से परेशानी में डाला

### 40 जेई को जिन इलाकों का अनुभव नहीं वहां का सौंप दिया जिम्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिजली कंपनी ने फिर उपभोक्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से परेशानी में डाल दिया है। मानसून का सीजन सिर पर है, ऐसे में कंपनी प्रबंधन ने सिटी सर्कल 24 सहित कंपनी क्षेत्र के कुल 40 अस्सिटेंट व जूनियर इंजीनियर को इधर से उधर कर दिया। जिन जूनियर इंजीनियर को अपने जोन के तहत आने वाली कालोनी, मोहल्लों की जानकारी है, जो फाल्ट होने पर तत्काल टीम को सही जगह पर भेज सकते थे, उन्हें ऐसे नए जोन पर भेज दिया जहां की उन्हें जानकारी नहीं है।

प्रशासन व अन्य विभागों में तीन साल बाद ट्रांसफर होना सामान्य बात है, लेकिन बिजली कंपनी के मामले में ऐसी अनिवार्यता नहीं है। पुराने जेई को हर ट्रांसफॉर्मर, 11 केवी लाइन की जानकारी रहती है। कर्मचारी संघों का भी कहना है कि मानसून सीजन के बाद ट्रांसफर किए जाना चाहिए थे। देवास, उज्जैन, रतलाम, बडऩगर में पदस्थ एई और जेई को भी इधर से उधर किया गया है।

पिछले दिनों बारिश, आंधी की वजह से बिजली लाइन पर खूब पेड़ गिरे थे। मौसम अभी साफ है तो कंपनी ने सड़कों के किनारे, कालोनी के भीतर बिजली लाइन, ट्रांसफार्मर पर लदे पेड़ों की छंटाई शुरू कर दी है। सुबह 7 से 11 बजे के बीच सप्लाई बंद करके यह काम किया जा रहा है।

# करणी सेना नेता की मौत में लायसेंसी रिवाल्वर मिलने से कहानी उलझी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। करणी सेना नेता मोहितसिंह पटेल की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मोहित को सीने में दो गोलियां लगी है। लाश बायपास स्थित कार में मिली है। पुलिस का दावा है कि मोहित की हत्या हुई है, लेकिन लाइसेंसी रिवाल्वर मिलने से कहानी उलझ गई।

डीसीपी जोन-2 अभिषेक आनंद के मुताबिक घटना कनाडिय़ा थाना क्षेत्र स्थित बायपास (सेवाकुंज अस्पताल के पास) की है। मृतक का नाम कुं. मोहितसिंह पुत्र दिलीपसिंह पटेल निवासी बिसनखेड़ा है। रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहित को स्वजन और दोस्त बाम्बे अस्पताल लेकर आए है। पुलिस पहुंचने तक मोहित की मौत हो चुकी थी। स्वजन ने बताया वह दोस्त की कार लेकर गया था। उसने ही काल कर बताया था कि गोली लगी है। देर रात एसीपी जयंत राठौर, टीआइ जेपी जमरे सहित एफएसएल अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस के मुताबिक मोहित सिंह राजपूत करणी सेना में जिला कार्यकारी अध्यक्ष था। वह खेती के साथ ठेकेदारी भी करता था।

एसीपी जयंत राठौर के मुताबिक मोहित प्रोपर्टी का कारोबार भी करता था। उसने दोस्त आकाश व अंशुल आदि को काल कर बायपास पर बुलाया था। पुलिस ने जब उन लोगों से पूछताछ की तो बताया मोहित ड्राइवर सीट पर पड़ा हुआ था। कार के कांच लगे हुए थे। रिवाल्वर भी रखी थी। गोली मारी गई या खुद ने मारी यह कहना मुश्किल है। गोलियां नजदीक से लगी है यह स्पष्ट हो गया है। पुलिस ने रिवाल्वर और कार जब्त कर ली है।

# रेलवे स्टेशन पर होगा उद्घाटन समारोह

### उज्जैन-देहरादून आज से इंदौर से चलेगी

### अब देहरादून जाने सप्ताह में चार दिन ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। उज्जैन-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन 1 जून से इंदौर से चलेगी। शाम 6.40 बजे ट्रेन लक्ष्मीबाईनगर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। वहां रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन समारोह होगा। सांसद शंकर लालवानी ट्रेन को हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अब सप्ताह में चार दिन इंदौर से देहरादून के लिए ट्रेन की सुविधा हो जाएगी। अभी इंदौर-देहरादून एक्सप्रेस शनिवार और रविवार को इंदौर से चलती थी। अब बुधवार, गुरुवार को भी ट्रेन हो जाएगी। उज्जैन-देहरादून के इंदौर से चलने से चारधाम और मसूरी आने-जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा। दिल्ली के लिए भी एक और ट्रेन की कनेक्टिविटी मिलेगी।

ये रहेगा शेड्यूल 6इंदौर-देहरादून 8ट्रेन बुधवार, गुरुवार को लक्ष्मीबाईनगर रेलवे स्टेशन से चलेगी। 8शाम 6.40 बजे रवाना होगी। अगले दिन देहरादून पहुंचेगी। 6देहरादून-इंदौर 8मंगलवार, बुधवार को देहरादून से चलेगी। 8बुधवार, गुरुवार को सुबह 6.05 बजे इंदौर आएगी। (जानकारी रेलवे जनसंपर्क विभाग के अनुसार)

यात्रियों को नहीं आएगी अब परेशानी पहले इंदौर से सप्ताह में दो ही दिन देहरादून के लिए ट्रेन थी। दो दिन उज्जैन से ट्रेन थी।

# बढ़ती गर्मी के साथ ही इंदौर में बढ़ने लगी टैंकरों की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गर्मी के तेवर तीखे होते ही शहर में टैंकरों की मांग बढऩे लगी है। जिन इलाकों में नर्मदा जल वितरण की व्यवस्था नहीं है, वहां तो टैंकर ही एकमात्र साधन हैं। वर्तमान में नगर निगम शहर में 400 से ज्यादा टैंकर चला रहा है। इनमें नगर निगम के और नगर निगम में अटैच निजी दोनों तरह के टैंकर शामिल हैं। टैंकरों की बढ़ती मांग के चलते निगम ज्यादा से ज्यादा टैंकर चलाने पर भी विचार कर रहा है।

शहर में अब भी कई इलाके हैं जहां नर्मदा जल वितरण लाइन अब तक नहीं डली है। एमआइसी बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठ चुका है। महापौर ने खुद निर्देश दिए थे कि ऐसे इलाके जहां नर्मदा जल वितरण लाइन डल गई है और सिर्फ सप्लाय शुरू करना शेष है वहां तुरंत सप्लाय शुरू कर दिया जाए। बावजूद इसके हालात में कोई खास फर्क नहीं पड़। एयरपोर्ट क्षेत्र की कुछ कालोनियों में तो वर्तमान में टैंकर ही जल वितरण का सहारा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम के टैंकर क्षेत्र में आते तो हैं लेकिन पर्याप्त नहीं है। कुछ लोग पार्षदों पर अपने समर्थकों को पानी देने का आरोप भी लगाते हैं। इधर नगर निगम के जल वितरण शाखा प्रभारी संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर निगम ने निजी टैंकर अटैच किए हैं। इनके माध्यम से शहर में जल वितरण की व्यवस्था सुचारू बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ इलाकों में नर्मदा लाइन डालने का काम अंतिम चरण में हैं। जिन इलाकों में लाइन डल गई है वहां इसे तुरंत शुरू किया जा रहा है। कुछ ही दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे।

# एमवाय अस्पताल में 7 करोड़ लागत से बन रहे हैं नौ नए मॉड्यूलर ओटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अत्याधुनिक ट्रामा सेंटर के प्रस्ताव के बीच एमवायएच में नए मॉड्यूलर ओटी का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। ये ओटी लगभग बनकर तैयार हैं। अस्पताल की पहली मंजिल पर 9 नए मॉड्यूलर ओटी बनाए जा रहे हैं। इनमें आठ मेजर और एक माइनर ओटी होगा। जुलाई तक सभी के बनकर तैयार होने का दावा किया जा रहा है। करीब सात करोड़ रुपए की लागत से इन्हें तैयार किया जा रहा है। अभी बर्न यूनिट मिलाकर कुल 15 ओटी हैं। ये नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनने से ओटी की संख्या बढ़ जाएगी। अभी अस्पताल में सभी ओटी तल मंजिल पर हैं।

गायनिक विभाग, एमटीएच महिला अस्पताल के शिफ्ट होने पर यहां मॉड्यूलर ओटी प्लान किया गया। करीब 8 महीने पहले इसका काम शुरू किया गया था। निर्माण एजेंसी पीआईयू ने जुलाई तक काम पूरा करने का वादा किया है। साथ ही 30 बेड का आईसीयू भी बनाया जा रहा है। विभागवार इन ओटी का आवंटन होगा, लेकिन उसके लिए मीटिंग बुलवाई जाएगी। बताया जा रहा है कि यहां इलेक्टिव सर्जरी होंगी। सात करोड़ रुपए सिर्फ सिविल वर्क पर खर्च होंगे।

**बीते साल एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन हुए एमवाय में-** एमवाय अस्पताल में वर्ष 2022-23 में एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन हुए। इनमें 14 हजार मेजर ऑपरेशन थे। नए ओटी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और मशीनों की सूची तैयार हो चुकी है। अधीक्षक डॉ. पी.एस. ठाकुर ने बताया कि ये उन्नत किस्म के ओटी हैं। यहां मेटल व ग्लास सीलिंग का इस्तेमाल होतो है। उपकरणों के लिए मांग पत्र कॉलेज प्रशासन को भेज दिया गया है। मॉड्यूलर ओटी में वॉटर प्रूफिंग करवा रहे हैं, ताकि किसी तरह के सीपेज की दिक्कतें नहीं हो। तल मंजिल पर बने पुराने ओटी में इमरजेंसी ऑपरेशन होंगे।

## मच्छरों से लोग परेशान, नजर नहीं आ रही नगर निगम की फागिंग मशीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में मच्छरों का प्रकोप एक बार फिर बढऩे लगा है। शाम होते ही मच्छरों की वजह से लोगों का कहीं खड़े रहना भी मुश्किल है। इसके चलते अन्य मच्छरजनित बीमारियों के बढ़े का खतरा भी बढ़ गया है। नगर निगम का दावा है कि समय-समय पर फागिंग कर मच्छर नियंत्रित किए जाते हैं लेकिन यह फागिंग मशीन कहां है और कब चलती है यह किसी को नहीं पता। सिर्फ इतना ही नहीं मलेरिया विभाग की टीमें भी मैदान में कहीं नजर नहीं आ रही हैं। हर वर्ष इस मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। यह जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को भी है बावजूद इसके कोई पूर्व तैयारी नहीं की जाती। इस वर्ष भी मच्छरों का प्रकोप बढऩे के बाद निगम के अधिकारियों की नींद खुली है। शाम के वक्त तो प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। निगम के पास प्रत्येक जोन में दो-दो फागिंग मशीनें हैं। दावा किया जाता है कि ये मशीन चालू हालत में हैं और इसका नियमित इस्तेमाल भी किया जा रहा है, लेकिन नागरिकों को ये मशीनें नजर नहीं आती। कुछ वर्ष पहले भी शहर में मच्छरों का ऐसा ही प्रकोप देखने को मिला था। उस वक्त भी निगम की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठे थे। पार्षदों ने भी आरोप लगाए थे कि अधिकारी उनके वार्ड में फागिंग ही नहीं करते। आक्रोशित होकर एक पार्षद ने तो फागिंग मशीन ही खरीद ली थी।



# नेपाल के प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान, महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था में बदलाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दो जून को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रचंड सुबह 11 बजे मंदिर पहुंचेंगे तथा भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना करेंगे। वे करीब एक घंटा मंदिर में रुकेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा उनका नंदी द्वार पर स्वागत किया जाएगा।**



प्रधानमंत्री के अतिविशिष्ट प्रोटोकाल के चलते महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते इस दिन सुबह के सत्र में गर्भगृह में भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बुधवार को प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों ने मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। शुक्रवार तक व्यवस्था में बदलाव की भी संभावना है।

जानकारी के अनुसार दो जून को सुबह छह बजे से सामान्य दर्शनार्थी हरसिद्धि चौराहा, बड़े गणेश मंदिर के सामने से होते हुए मंदिर के गेट नं. चार पर पहुंचेंगे। इसके बाद विश्राम धाम, सभामंडप होते हुए गणेश मंडप की पांचवीं बैरिकेड से भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे।

इसके बाद आपातकालीन द्वार से पुनः विश्राम धाम होते हुए गेट नं.पांच से मंदिर के बाहर निकलेंगे। इस दिन सुबह से दोपहर तक किसी भी व्यक्ति को गर्भगृह में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल पुजारी नियमित पूजा-अर्चना व आरती करेंगे। मंदिर समिति ने सुबह 750 रुपये की रसीद पर गर्भगृह में प्रवेश की व्यवस्था को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### सोला पहनकर गर्भगृह में जाएंगे प्रचंड

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड श्री महाकाल महालोक से होते हुए मंदिर में प्रवेश करेंगे। पश्चात महानिर्वाणी अखाड़े में जाएंगे। यहीं पर सोला पहनने के बाद वे विशेष द्वार से सीधे गर्भगृह में पहुंचेंगे। शासकीय पुजारी पं. घनश्याम शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद वे नंदी हाल में बैठकर कुछ देर ध्यान लगाएंगे। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उनका सम्मान किए जाने का भी कार्यक्रम है।

### पुजारी, पुरोहित करेंगे स्वस्ति वाचन

प्रधानमंत्री प्रचंड जिस समय नंदी हाल में बैठेंगे मंदिर के पुजारी, पुरोहित स्वस्ति वाचन करेंगे। बताया जाता है प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधि मंडल के सदस्य भी महाकाल दर्शन करने आ रहे हैं। ऐसे में पुजारी, पुरोहितों को गणेश मंडपम के प्रथम व द्वितीय बैरिकेड में बैठाया जा सकता है। अन्य स्थान के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

## अब 38 थाने नो टोबैको जोन, टीआई करेंगे जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सभी 38 थाने, चौकियां भवन एवं कार्यालय को अब नो टोबैको जोन होंगे। पुलिसकर्मियों के साथ-साथ यहां आने वाले आम लोगों ने भी थाना परिसर में यदि तंबाकू का सेवन या धूम्रपान किया तो उनके खिलाफ भी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।**

कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन करना पहले से प्रतिबंधित है। जुर्माने के अधिकार संबंधित थाना प्रभारी को दिए गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में थाने के एचसीएम (हेड कांस्टेबल मोहर्रिर) ये जिम्मेदारी संभालेंगे। खास बात यह है कि भोपाल के कई थानों के टीआई और एचसीएम खुद भी तंबाकू का सेवन और धूम्रपान करते हैं। ऐसे में सही कार्रवाई करवा पाना मुश्किल होगा।

बुधवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में बाकायदा पुलिसकर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद यदि कोई भी पुलिस की बिल्डिंग में तंबाकू का सेवन करते मिलेगा तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा।

### जुर्माना 200 से 500 रुपए तक

इसके अंतर्गत थानों में थाना प्रभारी, भवन और कार्यालयों में कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को यह अधिकार होंगे। ये धूम्रपान या तंबाकू का सेवन करते पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों व व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 200 से 500 रुपए जुर्माना वसूल कर सकेंगे।

### इस पहल का यह है उद्देश्य

इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाना और पुलिसकर्मियों में पनप रही व्यसन की आदतों को दूर करना है। इस संबंध में बुधवार की शाम पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने एक पोस्टर का विमोचन भी किया।

## बोगस कंपनी बनाकर मैनेजर के साथ मिलकर हड़पे लाखों रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** बोगस कंपनी और फर्जी खातो के जरिए एक निजी फाइनेंस कंपनी ने तीन लोगों को लोन बांटा। लोन की राशि जमा नहीं हुई, तो जांच की गई। जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी ने महज कागजों में थी, भौतिक रूप से इसका कोई अस्तित्व नहीं था। इस कंपनी के ही सेल्स मैनेजर ने अपने एक साथी के साथ मिलकर 13 लाख 97 हजार 601 रुपये हड़प ली। ओमती पुलिस की जांच में यह तथ्य सामने आए। जिसके बाद पुलिस ने फाइनेंस कम्पनी के सेल्स मैनेजर और उसके साथी समेत तीन उन लोगों के खिलाफ मंगलवार रात प्रकरण दर्ज किया, जिनके नाम पर लोन की राशि जारी की गई थी।

ओमती पुलिस ने बताया कि सिविक सेन्टर स्थित निजी फाइनेंस कंपनी में मिलौनीगंज निवासी महेश कोष्टा सेल्स मैनेजर था। उसने साथी न्यू शास्त्री नगर निवासी अमित गर्ग से मिलीभगत कर गोरखपुर निवासी मंगला देवी सिसोदिया, रांझी शांति नगर निवासी सचिन करोसिया और सिद्ध नगर मानेगांव निवासी विनोद कुमार रैकवार के नाम पर कंपनी से लोन स्वीकृत किया गया। बाद में जब लोन की राशि जमा नहीं हुई, तो कंपनी ने पहले नोटिस जारी किया और फिर पुलिस से मामले की शिकायत की। जांच में पता चला कि मंगला ने खुद को सिम्प्लेक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड मानेगांव नागपुर रोड का असिस्टेन्ट मैनेजर बताया था। वहीं सचिन ने खुद को सिफ्ट सिक्युरिटी सर्विसेस हाथीताल का कर्मचारी और विनोद रैकवार ने खुद को बालाजी इन्टरप्राइजेट नागपुर रोड का मैनेजर बताया था। लेकिन जब पुलिस और फाइनेंस कम्पनी के अधिकारी कर्मचारी तीनो जगहों पर पहुंचे, तो वहां न तो फर्म मिलीं और न ही कुछ और। जांच में पता चला कि अमित गर्ग द्वारा उक्त तीनों के खातों में अज्ञात नम्बरों से हर माह रकम डाली जाती थी। इसी को आरोपितों ने सैलरी स्लिप के रूप में उपयोग किया। जिसके बाद अमित और महेश ने मिलकर तीनों के नाम पर लाखो रुपये का लोन कम्पनी से लिया और उसे डकार गए। पुलिस की जांच में कई लोगों के नाम भी जांच में सामने आए हैं, जिनके फर्जी दस्तावेजा प्रस्तुत कर कम्पनी से लोन लिया गया। उन सभी का पता लगाया जा रहा है।

## गन कैरिज फैक्ट्री में धनुष तोप का उन्नत संस्करण तैयार, जल्द होगा परीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर स्थित तोपगाड़ी निर्माणी यानी गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में 'धनुष तोप (155 एमएम/45 कैलिबर गन) का उन्नत संस्करण (अपग्रेड वर्जन) तैयार हो चुका है। जीसीएफ के कर्मचारियों ने निर्माणी के 'धनुष सेक्शन में इस तोप को अत्याधुनिक खूबियों से लैस किया है।**

उम्मीद है कि 98 प्रतिशत स्वदेशी कलपुर्जो का उपयोग करके बनाई गई धनुष तोप को फायरिंग टेस्ट (परीक्षण) के लिए जुलाई-अगस्त माह में ओडिशा प्रांत की बालासोर फायरिंग रेंज में भेजा जाएगा। हालांकि इस तोप का जबलपुर स्थित लांग प्रूफ रेंज (एलपीआर) खमरिया में परीक्षण किए जाने को लेकर भी चर्चा का दौर जारी है।

बता दें कि जीसीएफ में स्वदेशी तकनीक से बनाई गई धनुष तोप की सबसे बड़ी खासियत है कि इस पर ठंडे-गर्म मौसम का कोई असर नहीं होता। वजन में बेहद हल्की यह तोप अत्याधुनिक इंजन से युक्त है, जो रेतीले मैदान, दलदली या ऊबड़-खाबड़ जमीन पर भी तेजी से दौड़ने में सक्षम है। धनुष तोप की कंप्यूटरीकृत संचालन प्रणाली होने से यह दनादन फायर करने और जमीन से जमीन, जमीन से आकाश में 40 किलोमीटर तक का अचूक लक्ष्य भेदने में सक्षम है। माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी फायर करने में तोप सक्षम है। यही मुख्य वजह है कि मेक इन इंडिया के तहत स्वदेशी तकनीक से बनाई गई धनुष तोप भारतीय सैन्य जवानों की पहली पसंद बन चुकी है। हालांकि जीसीएफ में उत्पादित यह तोप सैन्य बेड़े में शामिल होने के बाद भी डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) और निर्माणी के कर्मचारी अब तक इसे लगातार अपग्रेड करने पर काम कर रहे हैं। इसलिए भारत में तैयार कलपुर्जे (इंजन, बैरल, कंप्यूटर और अन्य) का उपयोग करके धनुष तोप का 98 प्रतिशत हिस्सा बनाया गया है। कुछ समय बाद धनुष तोप के सौ प्रतिशत कलपुर्जे भारत में बनाए जाने की उम्मीद है। श्रमिक नेता बताते हैं कि जीसीएफ को अगले छह वर्ष तक बड़ी तादाद में धनुष तोप बनाने का उत्पादन लक्ष्य मिला है। निर्माणी में अभी धनुष तोप के 112 नग तैयार करने और सैन्य परीक्षण के बाद उक्त माल सेना को सौंपने पर लगातार काम किया जा रहा है। इस निर्माणी में अत्याधुनिक धनुष तोप, जिनकी संख्या छह है तैयार हो चुके हैं। यह सभी धनुष तोप किसी स्थान का तापमान माइनस 40 डिग्री होने पर भी बेजोड़ प्रदर्शन करने की क्षमता से लैस हैं।यानि देश की सीमा सिक्किम, लेह-लद्दाख में इस तोप को तैनात किया जाए, तो वहां बर्फ गिरने और सर्दीली हवाएं चलने के दौरान भी यह अचूक क्षमता का प्रदर्शन कर जलजला लाएगी। क्योंकि हिमालय और सिक्किम के हिमाच्छादित क्षेत्रों में दुश्मनों की हरकत का संशय रहता है, जहां पर धनुष की तैनाती सैन्य जवानों को कामयाब बनाएगी।

### अब नोएडा और गुजरात इंजन

जीसीएफ ने धनुष तोप के इंजन को और अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए नोएडा और गुजरात की कुछ कंपनियों का सहयोग लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर निर्माणी में इंजन की दक्षता का परीक्षण भी किया जा चुका है। इसके साथ ही तोप का निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। नई तोप लगभग पूरी तरह से स्वदेशी है, जिसे डीआरडीओ के सहयोग से जीसीएफ में बनाया गया है।

### इनका कहना है

स्वदेशी धनुष तोप के उन्नत संस्करण तैयार हो चुके हैं। उन्नत संस्करण का 98 प्रतिशत हिस्सा स्वदेशी कलपुर्जों से बना है, जिन्हें रक्षा मंत्रालय से अनुमति लेकर परीक्षण के लिए फायरिंग रेंज में भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया चार माह में पूरी करके धनुष तोप सेना को सौंपने के प्रयास चल रहे हैं।

**-राहुल चौधरी, पीआरओ एवं जीएम-एडमिन।**

## कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में कैद 10 में से सात चीते जल्द खुले जंगल में छोड़े जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर।** दक्षिण अफ्रीका से लाकर कूनो नेशनल पार्क में बसाए गए चीतों की लगातार हो रही मौतों के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित चीता परियोजना संचालन समिति की पांच सदस्यीय टीम बुधवार को कूनो पहुंची। टीम ने इस बात पर सहमति दे दी है कि वर्तमान में बाड़े में रह रहे दस में से सात चीतों को भी जल्द ही खुले जंगल में छोड़ा जाए। बता दें कि अब तक तीन शावकों की सहित छह चीतों की मौत हो चुकी है। इसके बाद नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथारिटी(एनटीसीए) ने ये नई समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष डा.राजेश गोपाल महासचिव, ग्लोबल टाइगर फोरम नई दिल्ली के नेतृत्व में आरएन महरोत्रा पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक, डा. एचएस नेगी पूर्व एपीसीसीएफ वन्यजीव, जीएस रावत पूर्व डीन, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून और मित्तल पटेल सामाजिक कार्यकर्ता कूनो पहुंचे। टीम के सदस्यों ने सेसईपुरा में कूनो रेस्टहाउस में सीसीएफ और कूनो प्रबंधन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि खुले जंगल में और चीतों को छोड़े जाने की तैयारी के क्रम में उनकी मानिटरिंग के लिए टीमों को तैयार किया जा रहा है।

MORARI BAPU



गुरु गीता में लिखा है कि ....
शंकर रुठे तो गुरु बचाता है ....
और गुरु रुठे तो फिर त्रिभुवन में
कोई नहीं बचाता....।

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष



### नीलम संजीव रेड्डी

(जन्मः19 मई, 1913 - मृत्युः 1 जून, 1996) भारत के छठे राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते है। नीलम संजीव रेड्डी भारत के ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्हें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होते हुए प्रथम बार विफलता प्राप्त हुई और दूसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने पर राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। प्रथम बार इन्हें वी. वी. गिरि के कारण बहुत कम अंतर से हार स्वीकार करनी पड़ी थी। तब यह कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाए गए थे और अप्रत्याशित रूप से हार गए। दूसरी बार गैर कांग्रेसियों ने इन्हें प्रत्याशी बनाया और यह विजयी हुए। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब वी. वी. गिरि को राष्ट्रपति चुनाव जीतने में सफलता प्रदान कराई, तब यह लगा था कि नीलम संजीव रेड्डी ने एक ऐसा मौक़ा गंवा दिया है, जो अब उनकी ज़िन्दगी में कभी नहीं आएगा। लेकिन राजनीति के पण्डितों के अनुमान और दावे धरे रह गए।

## संपादकीय

### बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में एक अहम पहलू यह उभर कर सामने आया है कि पिछले तीन साल में निजी बैंकों ने सबसे ज्यादा धोखाधड़ी की सूचना दी है, लेकिन राशि के हिसाब से देखा जाए तो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 2022-23 के दौरान सबसे अधिक पैसे गायब हुए। मुश्किल यह है कि बैंकिंग गतिविधियों या लेनदेन में सुविधा होने की वजह से लोग इस माध्यम का चुनाव तो कर लेते हैं, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग के लिए जरूरी प्रशिक्षण ज्यादातर लोगों के पास नहीं होता है। साइबर तंत्र के विस्तार के समांतर लोग इसके खतरों का भी सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं और इसके तहत सबसे ज्यादा ठगी का निशाना डिजिटल लेनदेन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक इस वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के तेरह हजार पांच सौ तीस मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। इसमें ऋण, कार्ड और इंटरनेट श्रेणी में सबसे ज्यादा ठगी की रिपोर्ट हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में धोखाधड़ी के कुल नौ हजार सत्तानबे मामले सामने आए थे। हालांकि इसमें शामिल राशि में इस साल कमी आई है। दरअसल, इंटरनेट के विस्तार के साथ इससे जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से लोगों के जीवन में अपनी जगह बनाती जा रही हैं। आज देश का एक खासा हिस्सा जरूरी खरीदारी से लेकर लेनदेन तक के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहा है। समस्या यह है कि लेनदेन या खरीदारी का यह जरिया जितना सुविधाजनक है, उतना ही संवेदनशील भी है। अगर इसका उपयोग करने में कोई चूक या लापरवाही होती है तो एक झटके में बड़ा नुकसान हो जाता है। इसी तरह, अगर कोई ठग किसी व्यक्ति को बातों में फंसा कर उससे आर्थिक लेनदेन से संबंधित कुछ संवेदनशील ब्योरे हासिल कर ले तो बैंक खाते से पैसे एक पल में गायब हो जाते हैं। पुराने दौर की परंपरागत ठगी के बाद अब डिजिटल माध्यम में भी जाल फैला कर धोखाधड़ी करने वालों ने एक नई समस्या खड़ी कर दी है। सरकार की ओर से इस तरह के अपराध के संजाल से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र बनाने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन इस पर ठोस तरीके से रोक लगाना मुमकिन नहीं हो पाया है।

**अर्ज किया है..!**

*गनीमत है नगर वालों*
*लुटेरों से लुटे हो तुम,*
*हमें तो गांव में अक्सर,*
*दरोगा लूट जाता है*

## धर्म-कर्म

# प्रदोष व्रत करने से सौ जन्मों तक नहीं आती दरिद्रता, करें ये खास उपाय



प्रदोष व्रत महीने में दो बार आता है। एक कृष्ण पक्ष तो एक शुक्ल पक्ष में। कुछ लोग महीने में एक ही प्रदोष व्रत करते हैं तो कुछ लोगो दोनों। 1 जून गुरुवार के दिन शुक्ल पक्ष का प्रदोष व्रत है। आचार्य अशोक पांडे ने बताया कि माना जाता है कि प्रदोष व्रत रखने वाला व्यक्ति जन्म-जन्मान्तर के चक्र से निकल कर मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ता है। उसे उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। स्कंदपुराण के अनुसार जो व्यक्ति प्रदोष व्रत के दिन शिव पूजा के बाद पूरे मन से प्रदोष व्रत की कथा सुनता या पढ़ता है उसे सौ जन्मों तक कभी दरिद्रता नहीं होती है।

## शिवजी को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर अर्पित करें ये चीजें

### जल

शिवजी को प्रसन्न करने का सबसे आसान उपाय है शिवलिंग पर जल चढ़ाना।

### दूध

शिवलिंग पर दूध चढ़ाने से भी शिवजी प्रसन्न होते हैं।

### दही

शिवलिंग पर दही भी अर्पित करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा करने व्यक्ति परिपक्व बनता है और जीवन में स्थिरता आती है।

### देसी घी

शिवलिंग पर देसी घी अर्पित करने से शिवजी की कृपा प्राप्त होती है।

### चंदन

शिवलिंग पर चंदन अवश्य लगाएं।

### पूजा- विधि

- सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें।
- स्नान करने के बाद साफ- स्वच्छ वस्त्र पहन लें।
- घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें।
- अगर संभव है तो व्रत करें।
- भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक करें।
- भगवान भोलेनाथ को पुष्प अर्पित करें।
- इस दिन भोलेनाथ के साथ ही माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा भी करें। किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है।
- भगवान शिव को भोग लगाएं। इस बात का ध्यान रखें भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है।
- भगवान शिव की आरती करें।
- इस दिन भगवान का अधिक से अधिक ध्यान करें।

## Highlights

1. K'taka CM reallocates IT dept to Priyank Kharge, Patil gets Infrastructure
2. No electricity bill for consumption of first 100 units: Raj CM
3. Bus driver dies of heart attack while driving in Karnataka, CCTV footage surfaces
4. Railways Minister shares pic of train coach, says 'Guess this train in making'
5. Police recreate crime scene with killed Delhi girl's friends
6. Sahil thought Delhi girl was seeing her former boyfriend: Police

# Deloitte's concern over Adani Ports deals brings back spotlight on allegations by Hindenburg Research

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Ports & Special Economic Zone Ltd.'s auditor sounded a note of caution over insufficient disclosures around the company's transactions with certain entities, returning the spotlight to allegations made by short seller Hindenburg Research on Gautam Adani's empire.

Deloitte Haskins & Sells LLP raised concerns on Tuesday over the port unit's transactions with three entities, which the company said were unrelated parties. But the auditor said it couldn't confirm that the parties were indeed unrelated, and that the firm has refused to get an independent external examination that would help prove so. It therefore signed off on the company's books only with what's called a "qualified opinion".




Noting that "the evaluation performed by the group does not constitute sufficient appropriate audit evidence for the purpose of the audit," Deloitte said that it can't comment if the company was fully compliant with local laws.

It's the first time that a top auditor has issued a qualified opinion on part of the port-to-power conglomerate's books citing allegations from the US short seller report that has wiped more than $100 billion off the group's market value. The move will renew concerns that information gaps persist in Adani's financial dealings, and risks hampering its attempts to move past Hindenburg's allegations of extensive corporate fraud.

"The qualified statement could be a dampener near term," Sanford C. Bernstein analysts Nikhil Nigania and Anusha Madireddy wrote in a Tuesday report on the stock.

One area highlighted by Hindenburg that's received attention is how parties like Adani's little-known elder brother, Vinod, is a director of several overseas firms which are either investors in or transact with the conglomerate. The US shortseller characterized this as "a vast labyrinth of offshore shell entities" that moved billions of dollars into Adani firms without disclosure "of the related party nature of the deals."

# Elon Musk overtakes LVMH's Bernard Arnault to become world's richest

**NEW DEIHI, (Agency).** The Tesla Inc. chief executive officer surpassed luxury tycoon Bernard Arnault on Wednesday after shares of Arnault's LVMH fell 2.6% in Paris trading.

Musk and the 74-year-old Frenchman have been neck-and-neck for the top spot this year in the Bloomberg Billionaires Index, a listing of the world's 500 richest people.

Arnault first surpassed Musk in December as the tech industry struggled and luxury showed resilience in the face of inflation. LVMH, which Arnault founded, owns brands including Louis Vuitton, Fendi and Hennessy.



Faith in the luxury sector's buoyancy is starting to fade amid mounting signs of slowing economic growth, particularly in the critical market of China. LVMH shares have tumbled about 10% since April, at one point wiping $11 billion from Arnault's net worth in a single day.

Musk, meanwhile, has gained more than $55.3 billion this year, largely due to Tesla. The Austin-based automaker — which comprises 71% of his fortune — has rallied 66% year-to-date. Musk's fortune is now valued at about $192.3 billion, according to the index, while Arnault's is about $186.6 billion.

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP®

+91-91110 50101

- ★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
- ★ Post-Marital Check
- ★ Individual Character (Personal Cases)
- ★ Missing Persons Investigation
- ★ Financial Services Industry
- ★ Background Investigation
- ★ Attomeys& Legal Services
- ★ Investigation (Audio / Video)
- ★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
- ★ Real Estate Fraud Investigation
- ★ Corporate & Financial Investigation Services
- ★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
- ★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
- ★ Individual Clients Missing / Kidnapped
- ★ Background Investigation
- ★ Criminal Record Check
- ★ Cyber Fraud Investigation
- ★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

# मां की गोद याद दिलाई तो पिघल गया पत्थर दिल पुत्र

## पुलिस पंचायत में बेटे ने मां के पैर छू मांगी माफी मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान हेतु सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। इसमें वृद्धजनों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक बुधवार को डॉ. आरडी यादव, पुरुषोत्तम यादव, शर्मिष्ठा दवे, बीडी कुशगोतिया, रमेश शर्मा और उनकी टीम काउंसिलिंग कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास करती है।**

इसी के तहत में बुधवार 31 मई को पुलिस पंचायत में 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें 3 प्रकरणों का समाधान हुआ और शेष 3 प्रकरण के लिए अगली सुनवाई हेतु तारीख निश्चित की गई। आज सुने गए महत्वपूर्ण प्रकरण में मानवता नगर में रहने वाली संभ्रांत परिवार की वृद्ध विधवा महिला, अपने बेटे-बहू से प्रताड़ित होती रही हैं। मां-बेटे के बीच लंबे समय से बोलचाल बंद थी। मामला सामने आने पर टीम ने दोनों पक्षों को बुलाया और काउंसलिंग की। काफी मशक्कत के पश्चात पुत्र के बिगड़े बोल एवं बिगड़ी हुई मानसिकता में आखिर बदलाव आया। बेटे को जब बचपन में मां की गोद में बीते समय की याद दिलाई तो वह भावुक हो गया, जबकि मां की भी ममता जाग गई। बेटे ने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और जो भी विवाद है आपस में बातचीत कर हल करने का आश्वासन दिया। मां-बेटे ने सहमति जताई कि वे अब प्रतिदिन अलग रहते हुए भी मुलाकात करेंगे और जो भी समस्या है, उसका समाधान कर आगामी बुधवार पंचायत में सूचना देंगे। मां ने भी नम आंखों से बेटे के सिर पर हाथ रखा और दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर विदा हुए।

## रतलाम से पकड़ा ब्राउनशुगर सप्लायर

**इंदौर**। शहर में ड्रग पैडलर बनाकर छात्रों और युवाओं को नशे के दुष्कचक्र में फंसाने वाले तस्कर को भंवरकुआ पुलिस रतलाम से गिरफ्त में ले आई। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। भंवरकुआ टीआई के अनुसार गत दिनों 18 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो बदमाशों को पकड़ा था। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई। बदमाशों ने बताया था कि वे रतलाम के राजा नाम के बदमाश से ब्राउन शुगर लाकर यहां सप्लाय करते थे। इस पर एक टीम रतलाम भेजी गई, जिसने पूर्व में पकड़ाए बदमाशों की निशांदेही पर राजा उर्फ इरशाद को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सराफा व्यापारी का वीडियो वायरल

## पत्नी, सास-ससुर, साले पर लगाए आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सोना चांदी व्यापारी ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो में वह अपनी पत्नी, ससुर और साले पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। बताया जाता है कि घर ओर दुकान बेचकर उसने 52 लाख का कर्ज चुकाया था। इतना ही नहीं ग्राहकों व दुकानदारों के लिए बनाए गए जेवर भी पत्नी लेकर घर से भाग गई।

मामला एरोड्रम थाने के अंतिम सोनी का है। वह बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचा था। एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले अंतिम सोनी ने 2015 में आर्य समाज पद्धति से युवती से शादी की थी। शादी के 5 साल बाद वह मेरा 800 ग्राम सोना, ढाई सौ ग्राम चांदी और ढाई लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गई। अंतिम ने इसकी शिकायत एरोड्रम पुलिस से की थी। अंतिम ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आवेदन लेकर मुझे टरका दिया।

काफी समय तक भटकता रहा

अंतिम इस मामले में अफसरों के पास भी काफी समय तक परेशान होता रहा। बाद में अपनी दुकान और घर बेचकर व्यापारियों और ग्राहकों के पैसे की भरपाई की। अचानक 2 साल बाद ससुराल वालों का फोन आया और डिवोर्स पेपर पर साइन करने के लिए दबाव बनाने लगे। उन्होंने मंगलवार को अंतिम सोनी को कोर्ट बुला लिया। यहां से उसे अपने साथ एरोड्रम इलाके में ले गए और बंद कमरे में मारपीट की। अंतिम ने तलाक देने के पहले 52 लाख रुपए देने की बात कही थी। जिसके चलते वह कर्ज में दब गया। अंतिम सोनी बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अफसरों से मिलने पहुंचा था। जिसमें फिर से उसे जांच का आश्वासन दिया है।

# चाय दुकान संचालक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पलासिया इलाके में एक चाय दुकान संचालक के साथ बुधवार रात मारपीट कर मामला सामने आया है। दुकान संचालक को टक्कर लगने के बाद आइशर गाड़ी के ड्राइवर और उसके साथियों ने पीटा था। दुकानदार ने रुपए छीन कर ले जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक सरवटे बस स्टैंड पर विनय जैन की जैन टी स्टॉल के नाम से दुकान है। पत्रकार चौराहे के पास वह अपनी टू-व्हीलर से रिश्तेदार विनायक के साथ जा रहे थे। इस दौरान एक आइशर गाड़ी से उन्हें टक्कर लग गई। कहासुनी के बाद आइशर गाड़ी में बैठे युवकों ने पाईप निकालकर दोनों को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान विनय और विनायक को पीठ पर चोट के निशान भी आए। वहीं विनय के हाथ की हड्?डी फ्रैक्चर हो गई। इस मामले में विनय जैन ने आइशर चालक और उसके साथियों पर लूटपाट का आरोप भी लगाया।

## चाकू अड़ा कर बाइक लूट कर भागे

लसूडिया इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने बाइक पर जा रहे एक व्यक्ति के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चाकू अड़ा कर बाइक लूट ली। इस मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा भी है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक पुत्र मांगीलाल पाटीदार निवासी वैभव नगर ने बताया कि वह अरंडिया ब्रिज के यहां से रात में बाइक पर जा रहे थे। इस दौरान अन्य बाइक पर दो युवक उसके पास आए और बाइक रोकने के लिए कहा। आरोपियों ने मांगीलाल पर उनके साथी की बाइक को टक्कर मारने का आरोप है। जब अभिषेक ने बाइक रोकी तो वहां दो बदमाश और पहुंच गए और चाकू अड़ा कर अभिषेक की बाइक छीन कर ले गए। इस मामले में पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर संदिग्ध को पकडऩे की बात कही है।

# गैस लाइन लिकेज होने से हादसा

## IDA उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला के ऑफिस में आग



इंदौर। **बाणगंगा इलाके में बुधवार तड़के इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला के निजी ऑफिस में आग लग गई। आग में भाजपा नेता का ऑफिस और मंदिर के पास का शेड खाक हो गया। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में तीन घंटे लगे। बताया जाता है कि आग निजी कंपनी की गैस लाइन में लीकेज होने के चलते लगी थी।**

फायर बिग्रेड के मुताबिक सुबह करीब चार बजे के लगभग उन्हें मरीमाता चौराहे के पास मंदिर में आग की सूचना मिली थी। जिसके बाद फायर टीम को मौके पर भेजा गया। यहां आग बुझाने के लिए करीब 40 हजार लीटर पानी डाला गया। सुबह 7 बजे आग पर काबू किया गया। आग से मंदिर के साथ ही बीजेपी नेता गोलू शुक्ला का ऑफिस भी पूरी तरह से खाक हो गया। बताया जाता है कि दो दिन पहले अवंतिका गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने यहां लाइन का काम किया था। जिसमें से गैस लीक हो रही थी। सुबह यहां धमाके के साथ आग लग गई। फायर बिग्रेड के मुताबिक अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है। आग से किसी तरह की जनहानि नही हुई है। बुधवार सुबह यहां कंपनी के अफसर भी पहुंचे गए थे।

# छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहा था, लोगों ने पकड़ा

● मोबाइल स्नेचिंग के दर्ज हैं अनेक मामले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भंवरकुआ थाना क्षेत्र में राह चलते छात्र के हाथ से स्कूटी सवार बदमाश मोबाइल छीन ले गया। छात्र के शोर मचाने पर लोगों ने पीछा कर बदमाश को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मोबाइल स्नेचिंग के मामले दर्ज हैं।**

पुलिस के अनुसार भोलाराम उस्ताद मार्ग पर रहने वाला छात्र पलासिया स्थित कोचिंग से लौट रहा था। वह आईबस स्टाप पर बस से उतरा और मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर की ओर जाने लगा। इसी दौरान एक स्कूटी सवार बदमाश उसके साथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर भागने लगा। छात्र ने शोर मचाया तो उसके साथी और अन्य राहगिरों ने आरोपी को दबोच लिया और थाने ले आए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फैजान पिता इस्माईल पठान नि. भिश्ती मोहल्ला सदर बाजार बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पूर्व में भी मोबाइल छीनने के 7-8 प्रकरण दर्ज हैं। छात्र की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी से और पूछताछ की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।